भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-2530
उत्तर देने की तारीख-03/08/2026

धनबाद में अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर पार्क की स्थापना

2530. **श्री दुलू महतो:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि धनबाद में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी-आईएसएम), बीआईटी सिंदरी और केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीआईएमएफआर) जैसे प्रतिष्ठित संस्थान हैं, जहां से हर साल हजारों तकनीकी रूप से कुशल युवा उत्तीर्ण होते हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या धनबाद में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी)/सॉफ्टवेयर उद्योग की कमी के कारण इन प्रतिभाशाली युवाओं को रोजगार के लिए बेंगलुरु, पुणे और नोएडा जैसे महानगरों में पलायन करना पड़ता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार का प्रस्ताव राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के समन्वय से धनबाद में एक अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर पार्क या 'उद्योग-अकादमिक नवाचार केंद्र' स्थापित करने का है; और
(घ) यदि हां, तो स्थानीय युवाओं को रोजगार प्रदान करने, स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने और प्रतिभा पलायन को रोकने के लिए सरकार द्वारा इस दिशा में क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) से (घ): झारखंड राज्य में, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (इंडियन स्कूल ऑफ माइंस), धनबाद [आईआईटी (आईएसएम) धनबाद], जिसे मूल रूप से वर्ष 1926 में इंडियन स्कूल ऑफ माइंस के रूप में स्थापित किया गया था, को संसद के एक अधिनियम के माध्यम से वर्ष 2016 में आईआईटी का दर्जा दिया गया था और इसे राष्ट्रीय महत्व के संस्थान (आईएनआई) के रूप में मान्यता प्राप्त है। इसके अलावा, झारखंड राज्य में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) जमशेदपुर और भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) रांची सहित अन्य आईएनआई भी कार्य कर रहे हैं। ये संस्थान

तकनीकी शिक्षा, मौलिक और अनुप्रयुक्त दोनों क्षेत्रों में उन्नत अनुसंधान, नवाचार, उद्यमिता को बढ़ावा देने और उद्योग के लिए परामर्श सेवाओं में अपनी उत्कृष्टता के लिए जाने जाते हैं।

आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के पूर्व छात्रों की एक बड़ी संख्या वर्तमान में प्रतिष्ठित केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, राज्य सरकार के उपक्रमों और धनबाद और झारखंड के अन्य हिस्सों सहित देश भर में स्थित प्रमुख निजी क्षेत्र के संगठनों में सेवा कर रही है। आईआईटी (आईएसएम), धनबाद ने अपने इनक्यूबेशन केंद्रों के माध्यम से लगभग 150 स्टार्टअप के इनक्यूबेशन में सहयोग किया है, जिससे विभिन्न उद्यम पूंजी फर्मों और सरकारी एजेंसियों से वित्त पोषण तक पहुंच की सुविधा मिली है। इसके अलावा, संस्थान स्थानीय युवाओं और अन्य संस्थानों (प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण) के संकाय सदस्यों के लिए प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है।

वर्तमान में, आईआईटी (आईएसएम) धनबाद विभिन्न मंत्रालयों और सरकारी एजेंसियों के सहयोग से चार नवाचार और इन्क्यूबेशन केंद्रों का संचालन करता है। संस्थान ने अपने चार इन्क्यूबेशन केंद्रों - टेक्नोलॉजी इनोवेशन इन एक्सप्लोरेशन एंड माइनिंग फाउंडेशन (टेक्समिन फाउंडेशन), सीआईआईई आईआईटी (आईएसएम) धनबाद फाउंडेशन, अटल कम्युनिटी इनोवेशन सेंटर (एसीआईसी आईआईटी (आईएसएम) धनबाद) और सीआईआईआई इनोवेशन एंड इन्क्यूबेशन सेंटर के माध्यम से एक मजबूत नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित किया है। ये केंद्र नवाचार, उद्यमिता, स्टार्टअप इन्क्यूबेशन, उद्योग-शैक्षणिक सहयोग, प्रौद्योगिकी व्यावसायीकरण और कौशल विकास को बढ़ावा देते हैं।

बिरसा प्रौद्योगिकी संस्थान, सिंद्री, झारखंड सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण में है। यह वर्तमान में विभिन्न इंजीनियरिंग विषयों में बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी कार्यक्रम संचालित करता है। सीएसआईआर-केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीआईएमएफआर), धनबाद, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की एक घटक प्रयोगशाला, पूरे कोयला-ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों को करती है, जिसमें अन्वेषण, खनन और उपयोग शामिल हैं।

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) के तहत सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) ने धनबाद (झारखंड) में अपना केंद्र स्थापित किया है। एसटीपीआई धनबाद को धनबाद (झारखंड) के बीआईटी सिंद्री परिसर में अत्याधुनिक आईटी ग्रेड अवसंरचना के साथ विकसित किया गया है। यह केंद्र सांविधिक सेवाएं, इन्क्यूबेशन सेवाएं, हाई स्पीड डेटा कम्युनिकेशन (एचएसडीसी) सेवाएं, साइबर सुरक्षा सेवाएं, परियोजना प्रबंधन और परामर्श सेवाएं, आईटी प्रबंधित सेवाएं/सह-स्थान सेवाएं और स्टार्टअप संवर्धन सेवाएं प्रदायगी करके क्षेत्र के आईटी/आईटीईएस उद्योग और स्टार्टअप/उद्यमियों को सेवाएं प्रदायगी करता है।

*****